हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 2 मई 2024

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए मोदी और भाजपा ही...


12 श्रीमद् भागवत है साक्षात भगवान श्रीकृष्णचंद्र...




# मजूदर दिवस पर श्रमिकों ने चिलचिलाती धूप में बहाया पसीना और करते रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

एक मई श्रमिक दिवस के रूप में मनाया गया, जो हमारे श्रमिकों के सम्मान का दिन होता है, लेकिन इस झूलसा देने वाली धूप और गर्मी से मजदूरों ने कभी हार नहीं मानी और परिश्रम करते रहे। उन्हें यह तक नहीं मालूम की एक मई मजदूर दिवस भी होता है। कहने को शासन का श्रम विभाग है, लेकिन इन मजदूरों को यह भी नहीं मालूम की शासन का कोई श्रम विभाग भी होता है, जिसमें श्रमिकों के लिए योजनाएं बनती है। उन्हें तो बस सुबह उठने के साथ ही दिन में रोजी-रोटी कमाने की ही चिंता रहती है।

तपती गर्मी में माथे के पसीने से श्रमिक प्यास बुझाता है, कुछ विषमताएं कुछ विवशताएं कुछ इस वर्ग की, जो खुद भटका हुआ है, लेकिन वह हमारे लिए रास्ते बनाता है। बेघर होते हुए भी आलीशान बंगलों के निर्माण करने में व्यस्त रहता है। समाज के सबसे जरूरी और हाशिए पर खड़ा मजदूर तबका ही है, जिसकी बात साल में सिर्फ एक बार मई दिवस के दिन ही होती है। सुबह शुरू यह चर्चा दोपहर होते तक खत्म भी हो जाती है और हल नहीं निकल पाता। दुनिया के कई देशों में मजदूर तबके का खास ख्याल रखा जाता है। विदित हो कि एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर जगह–जगह श्रमिकों का सम्मान किया जाता है, लेकिन वे स्वयं इस विशेष दिवस से अंजान बने हैं। आज भी वे रोज की तरह सुबह से मजदूरी करने निकल पड़े।

## श्रमिकों को मजदूर दिवस की भी जानकारी नहीं



### सिर्फ रोजी–रोटी की चिंता लगी रहती है

अंचल में मजदूर दिवस पर कोई बड़े आयोजन भी नहीं होते, जिसमें मजदूरों को सम्मान किया जाए और उनकी बात सुनी जाए। इस दिशा में न कोई स्वयंसेवी संस्था, राजनीतिक दल या फिर शासन-प्रशासन किसी तरह से कोई प्रयास करें, ऐसा इन्हें पता नहीं है। प्रदेश सरकार द्वारा श्रम विभाग बनाया गया हैं। मजदूरों की कल्याण के लिए क्या–क्या योजनाएं संचालित है। प्रचार-प्रसार के अभाव में इन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कुछ लोगों ने बताया कि श्रम कार्ड तो बनाए हैं, लेकिन उनसे जो मिलने वाले फायदे हैं, वह हमें पता नहीं है। कई ऐसे मजदूर है जिनका अभी तक रजिस्ट्रेशन तक नहीं हुआ है। उन्हें तो सिर्फ दो वक्त की रोटी की ही चिंता लगी हुई है।

## खबर संक्षेप

### मुखबिरी की आशंका में मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मुखबिरी की आशंका के चलते युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी उत्तम कुमार हरबंश पिता अर्जुनलाल हरबंश (38) निवासी जेलपारा बेमचा के साथ गांव के आरोपी राकेश सात्रा पिता बेनोराम ने मुखबिरी करने की बात करते हुए गाली गलौज, हाथ मुक्का, लोहे की राड से मारपीट कर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत मामला दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर दो लोगों ने की आत्महत्या

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा और सरायपाली थाना अंतर्गत फांसी लगाकर दो लोगों की मौत का मामला सामने आया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि कल्याणपुर बागबाहरा में ओमप्रकाश ठाकुर पिता बाबूलाल ठाकुर (20) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं सरायपाली पुलिस ने बताया कि लुकापारा अटल आवास के पीछे रहने वाले चंद्रकुमार चंद्रा पिता रामगोपाल निवासी उजभिट्ठी सारंगढ़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से महिला युवक की मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन के बाद इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल में भर्ती एक महिला की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि सुबोतिन बाई यादव पति गेंदराम (46) ने 18 जनवरी को अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था। इसके बाद उसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम टोंगोपानी निवासी चंद्रहास ठाकुर पिता नरेश ठाकुर (18) ने जहर सेवन कर लिया। जिसे इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने बेलडीह मार्ग ग्राम बुंदेली से आरोपी किशन पिता सुखसाय ठाकुर (49) के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया है। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बेटे ने अपने पिता को हंसिया से मारा, हाथ में आई चोट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम बम्हनी में बेटे ने अपने पिता के ऊपर हंसिया से हमला कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना को लेकर प्रार्थी प्रभुराम साहू पिता बृजलाल साहू निवासी वार्ड नं0 04 बजरंग पारा बम्हनी ने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे घर पर ही बैठा था। इसी दौरान मेरा बड़ा बेटा महेंद्र साहू अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज कर रहा था, जिसे मैने मना किया, तब आरोपी ने तुम कौन होते हो मना करने वाले, दारू पीने के लिए पैसा मांगता हूं तो नहीं देते हो, कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही सब्जी काटने वाले लोहे के धारदार हंसिया से वार कर दिया। जिससे मेरे बांये हाथ की हथेली के बगल व छोटी उंगली में चोट लगी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 324, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### उत्खनन पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

**महासमुंद।** रेत खदानों में अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा। प्रतिबंधित समय में लगातार हो रहे रेत उत्खनन पर नेता अधिकारी सभी मौन साधे हैं। मामला है ग्राम बरबसपुर का जहां रात में अवैध तरीके से रेत उत्खनन जोरों पर है।

## आयोजन : मजदूर दिवस पर श्रमिकों ने की फावड़ा और गैती की पूजा

# श्रमिकों की बदौलत हो रहा गांव से शहर तक चकाचक विकास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जनपद पंचायत पलारी के ग्राम साराडीह में विश्व मजदूर दिवस पर मजदूर दिवस मनाया गया। साराडीह ग्राम में सामुदायिक जल संचयन तालाब निर्माण पर मनरेगा मजदूर सचिव उत्तम साहू के साथ इक्कठा हुए। तत्पश्चात अपने अपने फावड़ा, गैती आदि अन्य सामानों की पूजा पाठ करते हुए एक दूसरे को श्रमिक महिला व पुरुष ने बधाई दी। इस संबंध में रोजगार सहायक उत्तम साहू ने बताया कि मजदूरों के नाम समर्पित यह दिन एक मई को मनाया जाता है। मजदूर दिवस को लेबर डे, श्रमिक दिवस के नाम से भी जाना जाता।

श्रमिकों के सम्मान के साथ मजदूरों के अधिकारी के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से इस दिन को मनाया जाता है, ताकि मजदूरों की स्थिति समाज में मजबूती हो सके। उन्होंने कहा श्रमिक की बदलौत ग्राम तथा प्रदेश का विकास होता है। मनरेगा जॉब कार्ड धारी पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि मनरेगा में कार्य करते हुए उन्हें सौ से डेढ़ सौ दिवस तक का रोजगार गांव में ही रहते मिल रहा है, जिससे वे आधिर्क रूप से मजबूत बन रहे हैं। सभी श्रमिकों को बधाई दी। इस अवसर पर मेट मुनिया बंजारे, निर्मला साहू, पंच स्यामा बाई साहू, पंच बिसनी ध्रुव, पुष्पा साहू, अमरौतिन साहू, मेनका साहू, परदेशी राम साहू, बेदराम साहू, पंच राम साहू, कोमल दास, चुरावन साहू, पुनाराम साहू, रामकुमार साहू सहित श्रमिक उपस्थित थे।



### संयंत्र में मनाया गया श्रमिक दिवस

हथबंद। जन आधारित सीमेंट श्रमिक संघ आज 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर जन आधारित सीमेंट श्रमिक संघ हिरमी द्वारा खेल मैदान बैंक के पीछे मजदूर दिवस मनाया गया, जिसके जन आधारित सीमेंट संघ के अध्यक्ष मोहन वर्मा, महामंत्री तरण दास अनंत, कोषाध्यक्ष संजय यदु, उपाध्यक्ष ललित साहू, बसंत जयसवाल, मनीष साहू, कृष्णकुमार ध्रुव, लक्ष्मण प्रजापति सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# हम सब करें श्रम का सम्मान और अपनी संस्कृति पर अभिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



- श्रमिक दिवस पर डॉ. डहरिया ने बोरे बासी की गिनाई गुणवत्ता

आज विश्व श्रमिक दिवस पर जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि बोरे बासी से शरीर को अनेक प्रकार की विटामिन मिलता है। गर्मी के दिनों में बोरे बासी का उपयोग हमारे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक किसान मजदूर उपयोग करते हैं। आज कांग्रेस खड़ी है देश के साथ, महिलाओं के साथ, युवाओं के साथ, किसानों के साथ, श्रमिकों के साथ। एक से ही नहीं पिछले 70 वर्षों से कांग्रेस ने देश को आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनआईटी, इसरो, डीआरडीओ जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान दिये, जिससे देश विकास की राह पर अग्रसर रहा है। उन्होंने केवल 10 वर्षों में ही कांग्रेस द्वारा बनाए गए देश की विरासत को बेच दिया और अपने आकाओं को फायदा पहुंचाकर उनका विकास किया।यही अंतर है कांग्रेस और भाजपा में, हम सभी एकजुट होकर लड़ेंगे और देश को पुनः विकास के पथ पर लायेंगे। डॉ. डहरिया ने कहा कि बोरे–बासी संग कोलियरी भाजी और चटनी में विटामिन की प्रचुर मात्रा है। गर्मी के दिनों में यह भोजन शरीर के लिये बेहद लाभदायक और सुपाच्य है। हम सब करें श्रम का सम्मान और अपनी संस्कृति पर अभिमान।

बोरे बासी खाने के विषय पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि जिलेभर में किसान मजदूर के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता बोरे बासी का उपयोग कर आज विश्व श्रमिक दिवस मनाएं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु ने बताया कि आज घर–घर में बोरे बासी का उपयोग किया गया।

# नलों से पानी चोरी रोकने सुबह-शाम आधे घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गर्मी को देखते हुए पालिका द्वारा प्रतिदिन 3 टाइम जलापूर्ति की जा रही है। बावजूद इसके पानी चोरी पर लगाम नहीं लग पा रहा है। इसके चलते अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए पालिका की मांग पर पूरे गर्मी भर शहर के इमली भाठा, नयापारा और पिटियाझर क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह-शाम जलापूर्ति के समय आधे घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओ टॉमसन रात्रे ने बताया कि शहर में गर्मी बढ़ने के साथ पानी की चोरी भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते अन्य उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल



पा रहा है। जलापूर्ति को लेकर लगातार पालिका को मिल रही शिकायतों को दूर करने पालिका ने पानी चोरी रोकने के लिए जलापूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति बाधित करने का निर्णय लिया है। श्रीमती महिलांग और श्री रात्रे ने बताया कि पालिका की मांग पर विद्युत विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह साढ़े 6 बजे और शाम को 7 बजे जलापूर्ति के समय पर शहर के इमलीभाठा, नयापारा और पिटियाझर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। पालिका ने इसके लिए नागरिकों से खेद व्यक्त करते हुए पानी चोरी न करते हुए पालिका द्वारा दी जा रही जलापूर्ति की व्यवस्था में पालिका की सहयोग करने की अपील की है।

### चोरी पर रहेगी पालिका टीम की नजर

पालिका सीएमओ टॉमसन रात्रे और जलप्रभारी सीताराम तेलक ने बताया कि शहर में होने वाली पानी चोरी पर लगाम लगाने के लिए परिषद द्वारा टीम गठित की गई है। टीम के साथ सीएमओ स्वयं प्रतिदिन सुबह चिन्हाकित क्षेत्रों में भ्रमण कर पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# कार में मिला 18.48 लाख, पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- जांच के दौरान पुलिस को मिली सफलता, चालक पैसों का प्रमाण देने में रहा असफल

पुलिस बल की रणनीति से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 18 लाख 48 हजार रुपए को पकड़ने में उन्हें सफलता मिली है। इस कार्रवाई में एआरओ सह एसडीएम वासु जैन और सहायक व्यय प्रेक्षक हरि राम पटेल सहित सभी अधिकारी कर्मचारी का सहयोग रहा।

यह घटना मंगलवार 30 अप्रैल की रात लगभग 2 बजे के आसपास सरायपाली से सारंगढ़ रोड के मध्य सालार नाला मोड़ के पास उड़न दस्ता क्रमांक 15 दल प्रभारी भागवत प्रसाद सोनी, वीएसटी दल प्रभारी पुरुषोत्तम भारती, कैमरामैन कृष्णा जायसवाल, शेखर कुर्रे और एफएसटी वीएसटी दल क्रमांक 17 थाना सरसीवा साइबर सेल टीम प्रभारी टीकाराम खटकर के संयुक्त टीम द्वारा वाहन चेकिंग की। रायपुर से रायगढ़ की ओर जा रही क्रेटा नंबर सीजी 13 एवाय 3754 का वाहन चालक जसप्रीत सिंह पिता स्व. सरबजीत सिंह निवासी रायगढ़ द्वारा कार चलायी जा रही थी।



साथ में रायगढ़ के अरविंद एक्का पिता किस्ताफर एवं सत्येंद्र सिंह भी कार में बैठे थे। जांच के दौरान कैमरामैन और आरक्षक की उपस्थिति में 500 रु का 37 बंडल में कुल राशि 18 लाख 48 हजार रूपए नगद बरामद किया गया। टीम द्वारा वाहन चालक को पूछताछ करने पर किसी भी प्रकार का दस्तावेज जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाया। सीआरपीसी 102 धारा के तहत उक्त राशि को जब्त किया गया। आगे की कार्रवाई में आदर्श आचरण संहिता के दौरान 10 लाख से अधिक की राशि आयकर विभाग को राशि सौंपी गई है।

## राशि मिलने की सूचना महिलाओं ने फोन पर दी एक-दूसरे को

# महतारी वंदन की तीसरी किस्त पहुंची महिलाओं के खातों में और बजी घंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त महिलाओं के खाते में ट्रांसफर कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार ने आज महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त दे दी है। सभी माता-बहने अपना-अपना खाता चेक करें।

उल्लेखनीय है कि, महिला और बाल विकास विभाग द्वारा एक मई को महतारी वंदन योजना की तृतीय किश्त जारी कर दी है। यह योजना राज्य में 1 मार्च 2024 से लागू की गई है। 10 मार्च को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया था, इसके बाद 3 अप्रैल को भुगतान किया गया था। 1 मई को 654.90 करोड़ का भुगतान किया गया था, जिसमें से 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है।



### जिले की महिलाओं में उत्साह

मोबाइल में मेसेज की घंटी बजते ही महिलाओं ने लपकर मोबाइल खोला और मेसेज में राशि क्रेडिट देख उत्साह से झूम उठे। इस राशि का खर्च महिलाएं अपने-अपने जरूरी कार्य में कर रही है। जिला सहित ग्रामीण अंचल की महिलाओं में उत्साह का माहौल देखा गया। एक-दूसरे ने महतारी वंदन की राशि मिलने की जानकारी फोन पर दी। विदित हो कि जिन महिलाओं के खाते आधार से लिंक हुए हैं, यह राशि उन्हीं के बैंक खाते में आयी है। जिनके खाते आधार से लिंक नहीं है, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया जा रहा है।

### धान कटाई की तैयारी



**महासमुंद।** ग्रीष्मकालीन धान की फसल पककर तैयार हो गई है। सप्ताह के अंत तक कटाई भी शुरू हो जाएगी। बता दें कि रबी सीजन में शासन द्वारा धान की फसल लेने के लिए हतोत्साहित करने तथा अन्य फसलों को बढ़ावा दिए जाने के बावजूद इस वर्ष जिले में करीब 35 हजार हेक्टेयर रकबा में फसल ली जा रही है। जबकि, अन्य फसलों का रकबा 2 हजार हेक्टेयर तक भी पहुंच नहीं पाया है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# पलायन करने वाले श्रमिकों को मिल रहा है राशनकार्ड पोर्टिबिलिटी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्र सरकार की योजना वन नेशन वन राशनकार्ड का लाभ उन लोगों को आसानी से मिल रहा है जो रोजी-रोटी कमाने के लिए छत्तीसगढ़ से दूसरे स्थानों या राज्यों में जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ से पलायन करने वाले जिलों में रायपुर, महासमुंद, कोरबा, जाजंगीर-चांपा, बस्तर और दुर्ग, सरगुजा शामिल है। खास बात ये है कि इन जिलों में पोर्टिबिलिटी के माध्यम से राशन लेने वालों की संख्या अन्य जिलों के मुकाबले अधिक है।

छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड पोर्टिबिलिटी के आधार पर राशन कार्ड से दूसरे स्थानों की सरकारी राशन दुकानों से राशन लेने की सुविधा का लाभ अप्रैल में 27 हजार 761 लोगों ने उठाया है। खाद्य विभाग के रिकार्ड के मुताबिक प्रदेश के सभी जिलों में ऐसे लोग मौजूद हैं जो इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। जिन जिलों में सबसे अधिक लोगों ने लाभ उठाया है उनमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, जाजंगीर चांपा, और सरगुजा प्रमुख है। खास बात ये है कि इन्ही जिलों से श्रमिकों का पलायन भी सबसे अधिक संख्या में हुआ है। इस आधार पर माना जा रहा कि पलायन करने वाले श्रमिकों को केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ मिल रहा है।

**खास बातें**

- 27 हजार 761 ने दूसरी जगहों से उठाया राशन
- राशनकार्ड पोर्टिबिलिटी में हर जिले के लोग



### देश के किसी भी राज्य में ले सकते हैं राशन

राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी से एक राशन कार्ड पर दूसरे राज्य में भी राशन मिलने की सुविधा मिलती है। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना में शामिल राज्यों के कार्ड धारक राशन कार्ड पोर्टबिलिटी का लाभ उठा सकते हैं। वन नेशन वन राशन कार्ड स्कीम शुरू होने से कार्डधारक पूरे देश में कहीं से भी अपनी सुविधा से राशन ले सकते है। मतलब साफ है कि कार्ड धारक के लिए किसी भी तरह की सीमा या नियमों का बंधन नहीं होगा और वह किसी भी राज्य में राशन खरीद सकता है।

## खबर संक्षेप

### बातचीत कर समस्या का हल चाहती है सरकारः शर्मा

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नारायणपुर में हुए नक्सली मुठभेड़ के संबंध में कहा, हमारे जवानों को खरोंच भी नहीं आई है। मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर जाकर ये ऑपरेशन किया गया है। ये बहुत बड़ी सफलता है। सफलता के लिए डीआरजी और एसटीएफ़ के जवान जिनकी संयुक्त पार्टी ने ये ऑपरेशन किया था, वो बधाई के पात्र हैं। मैं पुनः भटके हुए लोगों से आग्रह करता हूं कि विष्णुदेव की सरकार बातचीत के माध्यम से इस मसले का हल चाहती है। हर हाल में कोई एक नक्सली, कोई दो नक्सली, कोई छोटा ग्रुप या कोई बड़ा ग्रुप जो भी बात करना चाहे, बात कर सकते हैं।

### भाजपा का बुद्धिजीवी सम्मेलन आज, आएंगे तावड़े

**रायपुर।** भाजपा ने गुरुवार को राजधानी रायपुर में एक महत्वपूर्ण



बुद्धिजीवी सम्मलेन विजन ऑफ विकसित भारत, 2047 का भारत का आयोजन किया है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े मुख्य अतिथि होंगे। इस सम्मेलन में सीए, डॉक्टर, अर्थशास्त्री, व्यापारी सहित 15 से ज्यादा क्षेत्रों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक सीए अमित चिमनानी, डॉ. विमल चोपड़ा, एडवोकेट जेपी चंद्रवंशी व अमित मैशरी ने बताया, कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ मंत्री राम विचार नेताम व पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत माजूद रहेंगे। कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन कालेज ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से होगा। कार्यक्रम में प्रदेश भर से व्यापारी, सीए, डाक्टर, वकील, अर्थशास्त्री, कलाकार, प्रोफेसर, शिक्षक, पूर्व अधिकारी, सेना के जवान, सामाजिक संस्थानों के प्रमुख, इंजीनियर व 15 से ज्यादा फील्ड के प्रोफेशनल्स मौजूद रहेंगे।

### नहीं होगी पानी की कमी चटौद नहर का पानी आ रहा

**रायपुर ।** धमतरी के चटोद में स्थित शाखा नहर को खारुन नदी से जोड़कर शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया। इसके बाद तरीघाट एनीकेट के दो गेट खुलवा दिए गए। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र ने काठाडीह और मुर्रा एनीकेट को जाकर देखा। मुर्रा एनीकेट खाली हो चुका था। किंतु चटोद नहर का पानी वहां पहुंचने लगे है। जिसे देखकर जल संग्रहन हेतु मुर्रा और एनीकेट के एक गेट को बन्द कर देने के लिए कहा गया है।

### बिना कारण मारपीट 3 के विरुद्ध केस दर्ज

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने मारपीट मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी अविनाश मसूरकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 अप्रैल को रात करीब 12 बजे आरोपी दीपांकर वैद्य, कपिल साकरे एवं धम्मूराम टेके ने बिना कारण पहले उसके साथ विवाद किया। इसके बाद सभी ने मिलकर हाथ-मुक्का और ईंट से उसे मारकर चोट पहुंचाई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

## खड़गे और कांग्रेसियों को पता नहीं, प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शिव नहीं अपनाते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने आज एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेसी प्रभु श्रीराम को अपना शत्रु मानते हैं। कांग्रेसी शिव होने का दुस्साहस कर रहे हैं, लेकिन वह जानते नहीं कि शिव राम को ही अपना आराध्य मानते हैं। जो कांग्रेसी राम के अस्तित्व को नकार चुके हैं। राम मंदिर के आमंत्रण को ठुकरा चुके हैं। इसी मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र ने सनातन को नष्ट करने की धमकी देने वाले का समर्थन किया था। अब बची खुची कांग्रेस भी गर्त में मिल जाएगी।



- सनातन धर्म और देवी-देवताओं से इतनी नफरत क्यों है कांग्रेसियों में- भाजपा
- खड़गे के इस बयान पर भाजपा की आपत्ति बाद में होगी, लेकिन पहले हिंदू होने के नाते मुझे पहले आपत्ति है

जांजगीर में आयोजित आमसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया को मंच से लोगों का परिचय कराते हुए कहा कि ये शिव है, ये राम से लड़ेंगे। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, श्री खड़गे के इस बयान पर भाजपा की आपत्ति बाद में होगी, लेकिन पहले हिंदू होने के नाते मुझे पहले आपत्ति है। ये कैसे व्यक्ति हैं कि जो यह कहते हैं कि ये शिव राम से लड़ेंगे, इनके भाव को देखिए, वह जानते नहीं कि शिव राम को ही अपना आराध्य मानते हैं। श्री शर्मा ने कहा, श्रीराम के विरोधी जिन्होंने राम मंदिर के न्योता को ठुकरा दिया था। इसके लिए देश की जनता इनको सबक सिखाएगी। श्री शर्मा ने कहा, श्री खड़गे को पीएम के भाषण में तो हेट स्पीच दिखती है, लेकिन अपने नेताओं में इन्हें नहीं दिखती है।

### ताम्रध्वज 75 और मेनका सिंह 72 साल की उम्र में मैदान पर

## छग के सबसे उम्रदराज प्रत्याशी कालिया प्रसाद 81 साल की उम्र में ठोक रहे ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में सबसे उम्र दराज प्रत्याशी के रूप में महासमुंद लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी कालिया प्रसाद सेठ 81 वर्ष की उम्र में चुनावी मैदान पर ताल ठोक रहे हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी के महासमुंद लोकसभा से मैदान में उतरे पूर्व गृहतंत्री ताम्रध्वज साहू 75 साल की उम्र में भी फिट नजर आ रहे हैं। वहीं चुनाव में 25 साल के दो युवा प्रत्याशी भी भग्य आजमा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में 70 साल और उससे अधिक उम्र वाले तीन प्रत्याशियों को इस चुनाव में उतारा गया है। वहीं भाजपा में 64 साल उम्र के दो प्रत्याशी शामिल हैं। शेष प्रत्याशी औसतन 55 साल के हैं।

लोकसभा चुनाव में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में अधिकतम उम्र के प्रत्याशी कालिया प्रसाद सेठ सरायपाली के निवासी हैं, वे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं रायपुर लोकसभा से 71 वर्षीय अमरनाथ चंद्राकर ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वे रिक्शे से प्रचार कर अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने मतदाताओं से अपील कर रहे हैं। चुनाव में देखा जाए तो 40 से अधिक उम्र वाले प्रत्याशी अधिक हैं। वहीं कुछ युवा प्रत्याशी भी निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान पर हैं।

खास खबर



**कांग्रेस उम्मीदवारों की औसत आयु 57 साल**



**भाजपा के प्रत्याशियों की औसत आयु 53 साल**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में युवाओं को मौका देने का प्रयास किया है। भाजपा प्रत्याशियों की 11 लोकसभा में औसत आयु 53 वर्ष है। भाजपा में बृजमोहन अग्रवाल और बिजय बघेल 64 साल की उम्र में चुनाव में ताल ठोंक रहे हैं। वहीं सरगुजा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महराज और राजनांदगांव से संतोष पांडेय 56 की उम्र, कोरबा से प्रत्याशी सरोज पांडेय 55, बिलासपुर से तोखन साहू 54, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया 52, भोजराम नाग 49, बस्तर से महेश कश्यप 48, महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी 47 और जांजगीर लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े 46 वर्ष की उम्र में चुनाव मैदान में हैं।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो प्रत्याशी 11 लोकसभा सीटों के लिए घोषित किए हैं, उनकी औसत आयु 57 साल होती है। कांग्रेस में सबसे उम्र दराज प्रत्याशी के तौर पर ताम्रध्वज साहू 75 साल के हैं। कांग्रेस से ही रायगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतरी मेनका सिंह 72 साल की हैं। वे पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। रायगढ़ राजघराने से ताल्लुक रखने वाली डॉ मेनका सिंह कांग्रेस की दूसरी उम्र दराज प्रत्याशी हैं। वहीं 70 वर्षीय ज्योत्सना महंत कोरबा से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। बस्तर सीट से चुनाव लड़ रहे कवासी लखमा 66 साल की उम्र में चुनाव मैदान में हैं। 4 बार के विधायक कवासी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राजनांदगांव से प्रत्याशी भूपेश बघेल 63, जांजगीर से डॉ शिव डहरिया 59, दुर्ग से राजेंद्र साहू 56, कांकेर से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठकुर 55, बिलासपुर से देवेंद्र यादव 34 और सरगुजा से चुनाव मैदान में शशि सिंह 33 साल की उम्र में पहली बार चुनाव लड़ रही हैं।

## बैज ने कहा- कांग्रेस की न्याय गारंटी से लोगों को मिलेगी सहायता



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने दक्षिण विधानसभा के टिकरापारा में एक जनसभा में कहा, आज देश में दिन-ब-दिन महंगाई बढ़ती जा रही है। महिलाओं को गृहस्थी चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। केंद्र में पिछले 10 सालों से भाजपा की मोदी सरकार बैठी हुई है। सत्ता में आने से पूर्व उन्होंने 100 दिन में महंगाई कम करने की बात कही थी, लेकिन आज महंगाई आसमान छू रही है। कांग्रेस ने इन सभी को ध्यान में रखते हुए माता-बहनों के लिए महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है। इसके माध्यम से हर गरीब महिला को 8333 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे, इससे निश्चित तौर पर उनको आर्थिक रूप से सहायता मिलेगी।

- बैज ने टिकरापारा में सभा को किया संबोधित

उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के पक्ष में आम जनता से अपील भी की और कहा, वे लगातार आम जनता के संघर्ष के लिए खड़े रहते हैं। कोरोनाकाल में उन्होंने दूसरे प्रांत से आ रहे मजदूरों की सेवा की, भोजन कराया, उनके रहने की व्यवस्था कराई, प्रदेश की जनता उनके सेवाभाव से भली-भांति वाकिफ है। जनसभा में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, सुमित दास, सतनाम पनाग, निशा देवेंद्र यादव, समीर अख्तर, उमेश गुप्ता, संगीता तिवारी, प्रेरणा साहू, अपर्णा फ्रांसिस, अनिल रायचुरा और पुष्पराज वैद समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय ने पत्रिका का किया विमोचन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी के ध्वजारोहण व जन्मकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को किया। इस अवसर पर दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेंद्र कोचर, ट्रस्टी द्वय जय सांखला व योगेश बंगानी ने गुलाब फूल से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया व पत्रिका, श्रीफल से मुख्यमंत्री को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 2 व 3 मई के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रात्रिकालीन प्रभु भक्ति में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान की। इसी दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने मुख्यमंत्री को शीघ्र जैन गौशाला की स्थापना संबंधित जानकारी दी।



## बृजमोहन बोले- यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण की नींव रखने वाला

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन ने अग्रवाल मंगलवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रोड शो कर जनता से भाजपा के लिए वोट मांगे और नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को कहा। इस रोड शो के दौरान रायपुर पश्चिम की जनता में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह उन्होंने बृजमोहन अग्रवाल का आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। रोड शो में भारी जन सैलाब उमड़ा।

- रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

### जनता को किया संबोधित

रोड शो की शुरुआत रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के खमतराई से हुई यहां से पैराडाइज होटल, दुर्गा चौक, अवधपुरी मैदान, हनुमान मंदिर, पडाव गुढियारी, शुक्रवारी बाजार, मंगल बाजार, पहाडी चौक, जगन्नाथ चौक, खालवाडा, कबीर चौक, कर्मा चौक, दिशा कॉलेज, समता कॉलोनी, प्रगति कालेज ओंकार बैस, खाटू श्याम मंदिर,शिकारपुरी धर्मशाला होते हुए नगर निगम कॉलोनी गार्डन पर रोड शो का समापन हुआ। रोड शो के दौरान कई जगह बृजमोहन अग्रवाल ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण की नींव रखने वाला चुनाव है। हमको भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनना होगा। जिसमें रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के लोगों को योगदान देना होगा।

## संजय बोले- कांग्रेस पूरी तरह झूठी और षड्यंत्रकारी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ कर आरक्षण खत्म करने के एक कूटरचित वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने पर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों से बचने के लिए मंगलवार को आहूत अपनी पत्रकार वार्ता रद्द कर राजनीतिक पलायन किया। उनका कहना है, कांग्रेस पूरी तरह एक झूठी और षड्यंत्रकारी पार्टी बन गई है।

- मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल के डर से किया राजनीतिक पलायन

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस अपनी हार सामने देखकर बौखला गई है और जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ और ओछे हथकंडों का सहारा ले रही है। श्री श्रीवास्तव ने कांग्रेस की अभद्र टिप्पणियों, फेक न्यूज व कूचरचित वीडियो वायरल किए जाने के मुद्दे पर कहा, आरक्षण को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक कूटरचित वीडियो तेलंगाना कांग्रेस विंग द्वारा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स के माध्यम से प्रसारित किया गया, जिसमें उनके मूल भाषण में कूट-रचना की



गई। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के भाषण को गलत तरीके से एडिट कर कांग्रेस भ्रांति फैला रही है। कांग्रेस का अब यही राजनीतिक चरित्र शेष रह गया है। वीडियो क्लिप से छेड़छाड़ करके कांग्रेसी झूठ फैलाने की शर्मनाक हरकतें कर रहे हैं जिसकी जितनी निंदा की जाय, वह कम है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा, आज कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और भाजपापर संविधान बदलने का झूठा डर फैला रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने धारा 370 खत्म करके जम्मू-कश्मीर में भारत के संविधान को लागू किया, वहां बेखौफ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का काम किया और सेना को पूरा अधिकार सौंपकर आतंकवाद को खत्म किया। श्री श्रीवास्तव ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय योजना पर कांग्रेस के दोहरे मापदंडों पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है।

## जमीन का मूल्यांकन कलेक्टर रेट या अधिग्रहण की कीमत पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रियल स्टेट रेग्युलरिटी अथारिटी यानी रेरा ने रियल एस्टेट कंपनियों की जमीनों के मूल्य के निर्धारण को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। दरअसल कई बार भूमि की लागत के मूल्यांकन के लिए अपनाई जाने वाली व्यवस्था को लेकर अराजकता हुई है, जो किसी परियोजना की कुल परियोजना लागत का एक प्रमुख घटक माना जाता है। इस मामले को लेकर रेरा स्पष्टीकरण भी जारी किया है।




### ये है स्पष्टीकरण

रेरा द्वारा जारी पत्र के मुताबिक भूमि के मूल्य को लेकर ये स्पष्टीकरण दिया गया है कि भूमि की लागत का मूल्यांकन परियोजना के प्रारंभ होने की तिथि पर कलेक्टर के दिशानिर्देश मूल्य या अधिग्रहण की लागत, जो भी अधिक हो, के अनुसार किया जाएगा। भूमि की दर एवं मूल्यांकन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्धारित नवीनतम दिशानिर्देश दर मान्य होगी। भूमि की श्रेणी अर्थात क्या डायवर्टेड, गैर डायवर्टेड, कृषि या गैर कृषि, उस तारीख को भूमि की स्थिति के आधार पर निर्धारित की जाएगी जब मालिक का नाम पहली बार भूमि रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। ऐसे मामलों में जहां भूमि को भूमि के विकास के उद्देश्य से साझेदारी, जेवी (ज्वाइंट वेंचर) कंपनी की योजना में स्थानांतरित किया जाता है, तो भूमि की श्रेणी आवश्यक परिवर्तनों के साथ उस मालिक की होगी, जिससे भूमि विकास के उद्देश्य से हस्तांतरित की गई है।

## खेड़ा की टिप्पणी से बढ़ी हलचल, ढूंढे जा रहे मायने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की मीडिया प्रभारी राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट की है, उससे हलचल बढ़ गई है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं है। पुरुषवादी मानसिकता से ग्रसित लोग आज भी बेटियों को पैरों तले कुचलना चाह रहे हैं, करूंगी खुलासा। उनकी पोस्ट को लेकर यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मंगलवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी सभा थी। वे रायपुर से जांजगीर-चांपा जिले जाने वाले थे। वे यहां से 1 बजे के करीब निकलने वाले थे, उसके पहले लगभग 1 घंटे का समय था, उसमें पत्रकारों से चर्चा की योजना बनाई गई। पीसीसी संचार विभाग ने सूचना भी जारी कर दी। बाद में यह पत्रकारवार्ता रद्द कर दी गई। कांग्रेस के पदाधिकारियों से इसे लेकर उनका विवाद हो गया।



बताया जाता है कि श्री खड़गे का जो कार्यक्रम जारी हुआ था, उसमें जांजगीर के कार्यक्रम का ही जिक्र था। देर शाम राधिका खेड़ा ने एक्स पर जो पोस्ट डाली, उसके संबंध में लोगों का मानना है कि उन्होंने अपनी निजी भावनाओं को व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर कोई खुलासा होगा, इसे जोड़कर भी देखा जा रहा है।

## कैट का व्यापारियों से आग्रह शत-प्रतिशत करें मतदान

**रायपुर।** कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी की विशेष उपस्थिति में मंगलवार को कैट प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने की। इस मौके पर कैट पदाधिकारियों ने प्रदेशभर के 12 लाख व्यापारियों से शत-प्रतिशत मतदान करने आग्रह किया। कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, प्रदेश में लोकसभा चुनाव दो चरणों में हो चुका है। तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होने जा रहा है। इस चुनाव में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने और 100 फीसदी मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने सभी ने संकल्प लिया है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह करते




हुए कहा कि पहले मतदान फिर दुकान की थीम पर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें। आप सबसे पहले अपना वोट, फिर अपने परिवार का वोट, अपने कर्मचारियों का वोट, उनके परिवार का वोट, अपने पड़ोसियों का वोट एवं अपने दुकान के आसपास के लोगों का वोट कराएं, उसके बाद ही अपने व्यापार को प्रारंभ करेंगे। इस मौके पर उपस्थित रायपुर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने कहा कि पूरे देश में ये संदेश जाना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में इस बार अधिक मतदान हुआ है।

### मतदान केंद्रों में व्यवस्था बनाने जुटा निगम

**रायपुर ।** निगम क्षेत्र के करीबन 750 मतदान केंद्रों में मतदान दलों के लिए टेबल - कुर्सियां लगाने का काम सोमवार से से प्रारंभ कर दिया गया है। साफ सफाई का कार्य भी वहां किया जा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शहर के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के क्षेत्रों का नाम लिखने का कार्य पूर्णता की ओर है। जिससे मतदाता इधर उधर ना भटककर अपने केंद्र में सीधे पहुंच सकें। इसके अलावा मतदान केंद्रों में प्रकाश तथा गर्मी से बचाव हेतु भी इंतजाम किया जा रहा है।

## शांता देशमुख ने 99 साल की उम्र में किया मतदान



**रायपुर।** टाटीबंद की उदया सोसाइटी निवासी 99 वर्षीय शांता चंद्रशेखर देशमुख ने मंगलवार को मतदान किया। मतदान अधिकारी दीपक सिंह राजपूत के नेतृत्व में मतदान दल सुबह सीएसईबी के सेवानिवृत्त अधिकारी शशिकांत देशमुख के घर पहुंचा। उनकी 99 वर्षीय माता शांता चंद्रशेखर देशमुख से मतदान कराने संबंधी चर्चा की। पुत्रवधू अदिति देशमुख के सहयोग से मतदान संपन्न कराया गया। उल्लेखनीय है कि शांता देशमुख ने देश की आजादी के प्रथम दिवस 15 अगस्त 1947 को महासमुंद के ग्राम बेलसोंडा में सबसे पहले तिरंगा फहराया था।

**खबर संक्षेप**

### गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**सरायपाली।** गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल जोगनीपाली में शिक्षा सत्र 2023-24 का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से प्रथम शनि मांझी, द्वितीय अनिल यादव, तृतीय भुवनेश्वर निषाद, कक्षा एलकेजी से प्रथम रिया पटेल, द्वितीय रोशन भोई, तृतीय मृगोश चौहान, कक्षा 2 से प्रथम पूजा प्रधान, द्वितीय प्रिंस विश्वकर्मा, कक्षा 3 से प्रथम आराध्या दास, द्वितीय दीपेश यादव, तृतीय अकाश राणा, कक्षा 4 से प्रथम सेंजल बंजारे, द्वितीय समीर निषाद, तृतीय राहुल यादव, कक्षा 5 से प्रथम तुषार नायक, कक्षा 6 से प्रथम गरिमा दास, द्वितीय भुवन यादव, कक्षा 7 से प्रथम मंजु नायक, द्वितीय इसकेतन यादव, कक्षा 8 से प्रथम शिवा यादव, कक्षा 9 से प्रथम सुमित नायक, द्वितीय जतिन नायक, तृतीय पियुष नायक, कक्षा 11 से प्रथम दुर्गेश पटेल, द्वितीय टीकाराम पटेल। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरुजी प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा, नए संचालक जन्मजय नायक, उप संचालक दुर्गा चरण नायक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कक्षा नवमीं में खिलेश्वरी 95 प्रतिशत के साथ स्कूल में रही अव्वल

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में मंगलवार को कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम प्रभारी प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 70.65 प्रतिशत रहा। 95 में से 65 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। खिलेश्वरी ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। तारिणी और सुजल क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारहवीं में 69 में से 55 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में भुनेश्वरी, ममता, कमलेश्वरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में गंगा, गीतांजलि, और गरिमा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय में इंद्राणी, ज्योति और नीतू क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

### नेहरू स्मृति विद्यालय में पहली से आठवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**बिरकोनी।** नेहरू स्मृति विद्यालय बिरकोनी में कक्षा पहली से आठवीं तक इस 2023-24 सत्र में कुल 287 छात्र-छात्राएं दर्ज थे। जिसमें सभी बच्चों परीक्षा में शामिल हुए। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसमें कक्षा पहली में प्रथम नुहारिका मानिकपुरी 98.66 प्रतिशत, द्वितीय जीविका पटेल 98, तृतीय आयुष पटेल 98 व कक्षा दूसरी में प्रथम पायल साहू 98, द्वितीय हिमांशु पटेल 97.33, तृतीय मीनाक्षी साहू 97.33 व तीसरी में प्रथम तान्या साहू 99.5, द्वितीय रश्मि साहू 99, तृतीय भेखराज साहू 96 व चौथी में प्रथम रिया साहू 98, द्वितीय नोमेश ध्रुव 97, तृतीय गोविंद पटेल 96.5 व पांचवीं में प्रथम कौशिल्या यादव 93, द्वितीय आशीष मन्नाडे 92.5, तृतीय कुनाल यादव 92 व छठवीं में प्रथम हरीश साहू 95, द्वितीय रूपेश चंद्राकर 94.83, तृतीय मंजीता ढीढी 94.83 व सातवीं में प्रथम आमिनी साहू 97, द्वितीय आराधना ढीढी 96, तृतीय अंजलि चंद्राकर 96 व आठवीं में प्रथम मेघा चंद्राकर 98, द्वितीय पूर्वा चंद्राकर 97, हरिना निषाद 96 प्रतिशत के तृतीय स्थान पर रही।

## चुनाव : लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस का प्रचार जोरो पर

# देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए मोदी और भाजपा ही है एकमात्र विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

भाजपा नेता अनिल पांडे ने दामाखेड़ा, तुलसी, ढेकुना, लिमतरा, दरचुरा, चंदेरी, चौरेंगा, शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर बृजमोहन अग्रवाल को जीताने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस झूठ का पुलिंदा है एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को ऊंचाइयों पर पहुंचने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस सिर्फ झूठ बोलने का कार्य कर रही है और लोगों को भ्रमित करने व देश को तोड़ने का कार्य कर रही है। पांडे ने कहा कि देश को सुरक्षित हाथों में सौंपने व मोदी के हाथ मजबूत करने भाजपा ही विकल्प है। इसलिए हमें आगे बढ़कर मोदी के हाथ को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान करना है, ताकि देश को सुरक्षित हाथों में रहे।

■ भाजपा का गांव-गांव में प्रचार जारी



पांडे ने कहा राम मंदिर, धारा 370, नागरिक संशोधन कानून या तीन तलाक का मुद्दा हो नरेंद्र मोदी ने देश हित में सभी फैसले लिए हैं। मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं होना ही देश की सबसे बड़ी उपलब्धि है। हम धीरे–धीरे दुनिया के तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। मोदी की सोच है कि जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होगा तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता और इसी बात को लेकर 40 करोड़ जनधन खाता खुलवाने का कार्य किया। हम देश को तीसरी बार सुरक्षित हाथों में सौंपे ताकि आने वाले समय में भारत पूरे दुनिया में सिरमौर बने। पांडे ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया कि आप सभी लोगों के बीच में जाकर मोदी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल के महामंत्री चंद्रमणि तिवारी, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री हेम सिंह चौहान, किसान मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री राजेश साहू, सरल साहू, प्रहलाद मिश्रा, हेमंत साहू, धनु साहू, दामोदर देवांगन, मनोज चौबे, बड़कू निषाद, कमल ओगरे, ननकू ओगरे, कन्हैया निषाद, संतोष निषाद, ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भाजपा को जिताने कार्यकर्ता हुए एकजुट

पलारी। भाजपा मंडल पलारी व दक्षिण मंडल संडी की बैठक साहू भवन पलारी में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व विधायक राजिम रोहित की उपस्थिति में हुई। इस बैठक में दोनों मंडल के मंडल अध्यक्ष बूथों के कार्यकर्ताओं के द्वारा लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को साकार करने के लिए जांजगीर लोक सभा क्षेत्र के उम्मीदवार को विजयी बनाने के रणनीति तय की गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2019 और विधानसभा चुनाव 2023 के जिन बूथों पर भाजपा के उम्मीदवारों को कम वोट मिले है, उनका वर्गीकरण करते हुए सबसे कमजोर बूथों पर कार्यकर्ता घर– घर जाकर लोगों से सम्पर्क करें। आमजन को भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताएं।
राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा सभी जनहितकारी योजनाओं से लाभ से वंचित लोगों के लिए हमारी सरकार ने कई अभियान चलायी हैं। प्रधानमंत्री मोदी के सुशासन, सक्षम नेतृत्व के चलते देश के विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है और विश्व पटल पर भारत का शानदार प्रबुत्व का परचम लहरा रहा है। उक्त कार्यक्रम में योगेश चंद्रकार, विपिन बिहारी वर्मा, ओप्रकाश चंद्रवंशी,तेजराम वर्मा,सेवक वर्मा, यशवर्धन मोनू वर्मा, दुर्गा महेश्वर, नन्द वर्मा, हेमन्त साहू, महेंद्र साहू, मनोज अद्विल, भूनेश्वरी वर्मा, खुशबू बंजारे, महेंद्र मोनू साहू, केशव साहू, राजेन्द्र साहू, सनकुमार साहू, मनोज वर्मा, जगदीश साहू, अनूप साहू, भरत साहू, रवि साहू, महामंत्री पवन वर्मा, पप्पू वर्मा, चूड़ामणि साहू, शिव यदु, मोहन साहू, संतोषी मानिकपुरी, मिथलेश साहू, निर्मल रजक, सुरजा चेलक, परमेश्वरी वर्मा , लोकेश सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बृजमोहन के जन्मदिन पर मंदिरों में प्रसादी का वितरण, बांटी खीर-पूरी



भाटापारा। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता, मंत्री और लोकसभा रायपुर के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन में भाटापारा विधानसभा के चारों मंडल भाटापारा नगर, सिमगा नगर, ग्रामीण मंडल, निपानिया मंडल के 54 शक्ति केंद्रों में स्थित मंदिरों में एक साथ शाम 5.30 बजे से 6 बजे के मध्य भगवान की पूजा अर्चना कर पूरी, सब्जी, खीर, लड्डू, हलवा, फ़ल, बूंदी सेव आदि प्रसाद का वितरण कर बृजमोहन अग्रवाल के दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही भाटापारा नगर के 10 शक्ति केंद्रों में केक काटा गया, आतिशबाजी की गई। इससे पूर्व गोविंद सारंग परिसर भाजपा कार्यालय में भाटापारा नगर मंडल, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा द्वारा केक काटकर बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा, केशकाल के पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, बालोद जिलाध्यक्ष पवन साहू, राकेश तिवारी, सुनील यदु, मनिदर सिंह गुम्बर, आशीष जायसवाल, अविनाश शर्मा, सतीश साहू, नीरा साहू, मधु सोनी, आयशा खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## छात्रों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित

**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसरंगी में व्यवसायिक शिक्षा में अध्ययनरत 11वी एवं 12वी के बैंकिंग और हेल्थकेयर विषय के विद्यार्थियों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम मां कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र और स्वास्थ केंद्र कोसरंगी में संचालित किया गया। इसके तहत प्रशिक्षण पूर्ण होने पश्चात प्रत्येक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने प्रमाण पत्र एवं 1300 रुपए की राशि पीएफएमएस के माध्यम से विद्यार्थियों के खाते में भुगतान की गई। चूंकि विद्यालय में व्यवसायिक शिक्षा का संचालन 2016–17 से किया जा रहा है, जिसके तहत समय समय पर बैंक, स्वास्थ केंद्र भ्रमण, अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जाता है, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने अंदर हुनर स्थापित करना और रोजगार हेतु अपने आप को काबिल बनाना है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख अनीता कुंती लकड़ा, व्याख्याता खम्मन राम बिफोरएम, डी वर्मा, कमला साहू, पूजा साहू, संगीता बघेल, मनीषा कोसले एवं व्यवसायिक शिक्षक सुरेश साहू, भुवन वर्मा उपस्थित थे।

## 18 लाख पीएम आवास के लिए केंद्र से स्वीकृति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार अगर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास दी होती तो बलौदाबाजार–भाटापारा जिले की महिलाएं ठगी का शिकार नहीं होते। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री आवास केवल विज्ञापनों और बड़े बड़े होर्डिंग में ही दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसे झूठी वाहवाही लेने का हथकंडा बताया है। अली ने कहा कि प्रदेश मे 18 लाख बेघर गरीबों को आवास दिलाने केंद्र सरकार से स्वीकृति नहीं मिली है। भाजपा सरकार महज वाहवाही लूटने और हवा हवाई दावा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास देने का दावा करते हुए केवल प्रचार प्रसार कर रही है, जो फर्जी व बेबुनियाद है। प्रदेश सरकार ने बजट में पीएम आवास के लिए सिर्फ 3799 करोड़ का प्रावधान किया है। इतनी राशि में 18 लाख आवास कैसे बनेगा? समझ से परे है। भाजपा सरकार द्वारा सिर्फ पीएम आवास को लेकर फ्लेक्स और प्रचार प्रसार में अनाप–शनाप राशि खर्च की जा रही है। अभी तक केंद्र सरकार से पीएम आवास के लिए स्वीकृति भी नहीं मिली है। बजट में राशि का प्रावधान तो कर दिया गया है, लेकिन केंद्र सरकार से 60 प्रतिशत की राशि मंजूर नहीं की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं में लक्ष्य तय करने का अधिकार राज्य को नहीं होता हैं। बावजूद इसके पीएम आवास को लेकर किए जा रहे दावे को लेकर भाजपाइयों को बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में हुए ठगी के शिकार महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से अब तक एक दस्तखत नहीं हो पाया है। जबकि महत्वपूर्ण वादे किए गए थे। पप्पू अली ने कहा कि सच्चाई यह है कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के आवास को रोकने का काम किया हैं।

■ कांग्रेस का आरोप : आवास के नाम पर भाजपा कर रही है लोगों को गुमराह

## बैंक कर रहा छोटे नोट और सिक्कों को लेने से आनाकानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर स्थित अधिकांश बैंकों में पांच या दस के नोट या सिक्के लेने के लिए आनाकानी की जा रही है। अक्सर बैंकों के कर्मचारी गिनने की झंझट से पीछा छुड़ाने के लिए ग्राहकों को लौटा दिया जाता है। कई बार यह विवाद की स्थिति भी बन जाती है। ऐसा ही वाक्या शहर के एसडीएफसी बैंक में बुधवार देखने को मिला। जहां पर सिक्के और छोटे नोट जमा कराने पहुंचे लोगों से बहसबाजी और धमकी भी दी गई। हालांकि, मीडियाकर्मियों के पहुंचने पश्चात बैंक प्रबंधन द्वारा रकम जमा लेने की बात कही गई। दरअसल, बुधवार को मां चंडी मंदिर विकास समिति बिरकोनी के संरक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, अखिलेश चंद्राकर एवं यश चंद्राकर द्वारा दान पेटी में आई रकम एक लाख 48 हजार रुपए को जमा कराने एसडीएफसी बैंक पहुंचे। जमा पर्ची के साथ करीब आधा बोरी में भरे 18 हजार रुपए के सिक्के को देखकर बैंक में मौजूद कैशियर ने लेने से मना कर दिया। मैनेजर की गैरहाजिरी में सहायक प्रबंधक से उक्त रकम जमा लेने के लिए कहा गया। लेकिन, वे भी इस पर स्पष्ट कुछ बता नहीं पाएं। इसलिए, मैनेजर का वे इंतजार करते रहें। इस तरह करीब एक घंटा बीत गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बैंक में कार्यरत दो नॉन बैंक कर्मियों द्वारा दुर्व्यव्हार करने तथा धमकी दिए जाने का आरोप भी लगाया।

**लगाया दुर्व्यव्हार का आरोप**

मां चंडी मंदिर विकास समिति के सदस्यों ने बताया कि चूंकि, दान पेटी में छोटे-बड़े नोट के साथ सिक्के में आते हैं। इसलिए, उन्हें बैंक में ऐसा ही जमा करना होता है। ग्रामीण बैंक में बिना हुज्जत किए सिक्कों को ले लिया जाता है। लेकिन, एसडीएफसी बैंक में रकम जमा लेने के लिए दो घंटा तक बैठाए रखा। इस बीच दो नान बैंकिंग कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यव्हार भी किया गया, जिसकी लिखित शिकायत मैनेजर से की गई है।

## शक्की पति ने कर दी पत्नी की हत्या, बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चरित्र पर शंका करने वाले पति ने अपनी पत्नी से विवाद करते हुए उसकी हत्या कर दी। मामला जिले के बसना थाना क्षेत्र का है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

बसना टीआई ने बताया कि 29 अप्रैल को सूचना मिली कि छुईपाली स्थित आशाराम भास्कर के फार्म हाऊस में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम उक्त फार्म हाउस पहुंची जहां वह महिला अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ी थी और उसके शरीर पर चोटों का निशान थे। पूछताछ में मृतक महिला का नाम गंगाबाई चौहान पति ताराचंद चौहान (30) निवासी बहुलीडीह थाना बरमकेला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ हाल मुकाम आशाराम भास्कर का फार्म हाउस छुईपाली होने की जानकारी मिली। इस मामले में मर्ग कायम जांच शुरु की गई और गंगाबाई चौहान का पोस्टमार्टम कराया गया।

पूछताछ में पुलिस को महिला के पिता श्याम कुमार चौरान पिता शोभाराम चौहान ने बताया कि गंगाबाई चौहान उसकी बड़ी बेटी है, जिसका विवाह साल 2010 में ताराचंद चौहान पिता फूलसाय चौहान (35) निवासी बहुलीडीह थाना बरमकेला के साथ में हुआ है कि विगत दो माह पहले बेटी गंगाबाई एवं दामाद ताराचंद आशाराम भास्कर के फार्म हाउस ग्राम छुईपाली में आकर रोजी मजदूरी कर रहे थे और फार्म हाउस में ही रहते थे। मैं 29 अप्रैल को काम करने सारंगढ़ गया था, जहां पर शाम 04 बजे मुझे दामाद ताराचंद के भाई राजकुमार ने फोन करके बताया कि गंगाबाई की तबियत खराब है, हम लोग देखने जा रहे हैं कहते हुए हमें भी बुलाया।



इसकी सूचना पाकर मैं अपने साले कामता चौहान एवं छोटे दामाद सम्राट के साथ बेटी गंगा को देखने पहुंचा। बेटी गंगाबाई अपने घर के कमरे में मृत अवस्था में थी। उसके शरीर में मारपीट से हाथ,पैर, नाक, गाल में चोट का निशान था। दामाद ताराचंद को जब गंगाबाई चौहान के मृत्यु के एवं चोटों के बारे में पूछा गया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया।

वहीं पुलिस ने बताया कि डॉक्टर द्वारा मृतका के शरीर में आई चोट को होमोसाईडल तथा मृत्यु का कारण ब्रेन इंज्युरी होना लेख किया गया। वहीं जब बारीकी से छानबीन की गई तब पता चला कि मृतका का पति ताराचंद चौहान अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। इसे लेकर 29 अप्रैल को 10 से 11.30 बजे के बीच मृतका के साथ विवाद शुरू और उसने हाथ-मुक्का व डंडा से हाथ, पैर, चेहरे, सिर में मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी। मामले में आरोपी आरोपी ताराचंद चौहान के विरूद्ध अपराध धारा 302 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## पटेल समाज ने मृत्यु भोज पर लगाया प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर के समीप ग्राम दरचूरा में मरार पटेल समाज की बैठक हुई, जिसमें मृत्यु भोज को लेकर एक बड़ा फैसला लिया गया कि आने वाले समय में पटेल समाज के किसी भी परिवार को मृत्यु भोज में किसी भी प्रकार का पकवान लड्डू, पूड़ी, बड़ा इत्यादि नहीं परोसा जाएगा। समाज प्रमुखों का कहना है कि समाज में गरीब, अमीर, मध्यम सभी वर्गों के लोग रहते हैं, जो मिलकर एक आदर्श समाज का निमार्ण करते हैं। यदि कोई सम्पन्न परिवार इन परिस्थिति में पड़ता हैं तो वे बिना किसी परेशानी से गुजर जाते हैं, परंतु गरीब परिवार को मृत्यु भोज के लिए कर्ज लेकर यह कार्य सम्पन्न कराना पड़ता हैं, जो सही नहीं है। यदि कोई परिवार बहुत ही गरीब है तो उनको मृत्यु भोज की बाध्यता भी नहीं है। सामाजिक एकरूपता के लक्ष्य को लेकर यह फैसला लिया गया है। यह बैठक आगामी 3 मई को दिवंगत लेखराम पटेल के दशगात्र कार्यक्रम को लेकर उनके पुत्र–लुकेश पटेल द्वारा बुलायु गयी थी। जिनका आकस्मिक निधन हो गया था। दिवंगत लेखराम पटेल लंबे समय से मृत्यु भोज पर इस छूट को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। वे कोसरिया मरार पटेल समाज के तरेंगा राज के कोषाध्यक्ष थे।

## कलेक्टर ने किया सरायपाली में गौरव पथ का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक बुधवार को सरायपाली के दौरे पर थे। उन्होंने यहां चल रहे गौरव पथ निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। कलेक्टर मलिक ने संबंधित को गुणवत्ता और समय सीमा को ध्यान में रखते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि दिए गए तय सीमा में कार्य पूर्ण होना सुनिश्चित हो।इस दौरान उन्होंने यहां अन्य विकास कार्यों की जानकारी ली ।

उन्होंने कहा की निर्माणधीन विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान सरायपाली अनुविभागीय अधिकारी ओमकारेश्वर सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मजदूर दिवस पर स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** मजदूर दिवस पर ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुन्ना बांधे, गुलशन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में हर साल एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस दिन शहीद स्मारक के आसपास जगह पर साफ-सफाई की गई।

### शिक्षा नीति पर सेमिनार का आयोजन

**महासमुंद।** आधुनिक शिक्षा में परिवर्तन करते हुए छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हमारे देश में शिक्षा नीतियों में संशोधन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाई गई। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 साल से 8 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून 2009 के अंतर्गत रखा गया है। इसका उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना है। महाविद्यालय में इसी एनईपी 2020 के विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में प्राचार्या अंकिता चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, कांति साहू, टोपराम कुर्रे एवं आशी चंद्राकर उपस्थित रहे। इस सेमिनार में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक सुमित साहू, रोहित, होमप्रकाश, तनमय, केतन, छात्राध्यापिका मोक्षदा, सपनारानी, क्षमा इत्यादि प्रतिभागी रहे।

### शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा में परीक्षा परिणाम घोषित

**बसना।** शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पूरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 96.29 प्रतिशत रहा। हरिप्रिया यादव ने 96.1% अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। दूसरे स्थान पर बबिता दीप 82.3% एवं तृतीय स्थान माधुरी यादव 70.3% ने प्राप्त की। संतोषी भोई माधुरी से 1 नंबर पीछे रह गई। प्रथम श्रेणी से 06, द्वितीय श्रेणी से 12, तृतीय श्रेणी से 12 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक एवं मोमेंटो दिया गया। संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि गर्मी के छुट्टी में भी आप लोग पढ़ाई से जुड़े रहें। शिक्षा से ही आप अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि आप अपनी शिक्षा को चरितार्थ करें एवं देश के एक अच्छे नागरिक बनें। इस बीच विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### नपाध्यक्ष राशि नगर की सफाई का जायजा लिया

**महासमुंद।** चुनाव और आचार सहिता के चलते शहर में प्रभावित हुई सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने एक बार फिर से कमान संभाली है। 40 डिग्री तामपान वाली कड़ी धूप में पालिका के स्वच्छताकर्मियों के साथ श्रीमती महिलांग शहर के मुख्य मार्ग के नालियों, डिवाइडर और ओवरब्रिज के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई कराई। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि अगर एक महिला के हाथों नगर की कमान हो तो वो शहर को अपने घर की तरह स्वच्छ रखने के साथ ही सजाती भी है। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि शहरवासियों ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस कर्तव्यों को दिल से और बेहतर तरीके से निभाने का पूरा प्रयास कर रही हूं। उन्होंने शहर को स्वच्छ रखने में पालिका का हर तरह से सहयोग करने की अपील भी की।

### आयुष 83 प्रतिशत के साथ रहे प्रथम

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड हायर सेकंडरी में कक्षा 5वीं में अध्यनरत छात्र आयुष सिदार ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में 2023-24 में ए ग्रेड 83 प्रतिशत में उत्तीर्ण होकर टॉप टेन में जगह बनाया है। इसी तरह छात्र लक्ष्य सिदार ने भी कक्षा 8वीं में 63 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। छात्रों की सफलता पर शाला परिवार एवं मम्मी-पापा ममता राजेंद्र सिदार एवं परिजनों ने हर्ष जताया है।

### मनाया बोरे-बासी दिवस

**महासमुंद।** अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर अंकित बागबाहरा ने कांग्रेसजनों के साथ बोरे बासी खाकर छत्तीसगढ़िया परंपरा को बनाए रखा।

# श्रीमद् भागवत है साक्षात भगवान श्रीकृष्णचंद्र महाराज का वांग्मय स्वरूप

## छड़िया में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

ग्राम छड़िया में स्व. तुलसीराम वर्मा की पुण्य स्मृति में वर्मा परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण चंद्र महाराज का वांग्मय स्वरूप है, जो कली काल के समस्त दोष ताप और पाप को नाश कर मृत्यु को भी मंगलमय बनाता है। यह इस संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है, जो किसी व्यक्ति के पुरुषार्थ के कारण ही नहीं पिछले जन्मों के पुण्य अर्जित होने के कारण मिलता है। यह उद्गार खरोरा नगर ग्राम छड़िया में आयोजित संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन भागवत महात्म का वर्णन करते हुए व्यासपीठ से भागवत पं. घनश्याम प्रसाद तिवारी चारभाटा, रणबीरपुर कवर्धा वाले ने प्रकट किया।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। यह कलश यात्रा पूरे गांव में भ्रमण की, जिसमें महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा में भाग लिया तथा पुरुषों ने भजन संकीर्तन के साथ जयकारा करते हुए सहभागी बने। कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए पं. घनश्याम प्रसाद तिवारी ने बताया कि भागवत रुपी सत्कर्म से ही भक्ति के दोनों पुत्रों



को ज्ञान और वैराग्य की जरा अवस्था दूर हुई। धुंधकारी को मोक्ष की प्राप्ति हुई। वहीं राजा परीक्षित जिसे अकाल मृत्यु का भय था। भागवत की कृपा से उसे ब्रह्म सायुज्य प्राप्त हुआ। श्रीमद्भागवत इस संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है, जो भवसागर को भाव सागर बनाकर मृत्यु को भी मंगलमय बनाने वाला पंचम वेद तथा पुराणों का तिलक है। प्रथम बिन आचार्यों द्वारा वेद मंत्रेच्चार के साथ विधियों की पूजा प्रतिष्ठा कराई गई। मधुर संगीत एवं संकीर्तन का आनंद सभी श्रोताओं ने प्राप्त किया। परायकर्ता पं. दामोदर प्रसाद तिवारी है। प्रथम दिन के कार्यक्रम में तुलाराम वर्मा, यशोदा वर्मा, भगवंतीन वर्मा, शीशराम, कमला वर्मा, शिश कुमार, शकुंतला, हरिश्चंद्र, गीता वर्मा, गजेंद्र वर्मा, शिव कुमार, चमेली वर्मा, राधेश्याम संतोषी वर्मा, मनीराम, सत्यवती वर्मा एवं अनेक श्रोता उपस्थित थे। वहीं श्रीमद् भागवत कथा के परीक्षित यजमान हरिचंद वर्मा, गीता वर्मा द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने का आग्रह किया गया है। यह भागवत कथा का आयोजन वर्मा परिवार द्वारा किया गया है। भागवत कथा 1 से 9 मई तक आयोजित है, जो दोपहर 1 से 6 बजे तक जारी रहेगी।

## सियासत : कांग्रेस की सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाए आरोप

# मतदाता झूठ बोलने और धोखादेने वालों से बचे : मल्लिकार्जुन खड़गे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चांपा के भालेराव मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर परिवर्तन का शंखनाथ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है उन्हें 400 सीटे चाहिए, ताकि वह संविधान बदल सके। गरीबों के किसानों के और सभी के हकों को खत्म करने के लिए 400 पार की बात मोदी और उनके चेले कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि सत्ता हथियाने के लिए मोदी ने कहा था कि विदेश में रखें काला धन वापस लाकर सभी के खाते में 15-15 लाख रुपये दूंगा, बेरोजगार युवाओं को हर वर्ष 2-2 करोड़ नौकरी दूंगा, किसानों की आमदनी दुगनी करूंगा, जापान से पैसे लाकर बुलेट ट्रेन चलाऊंगा आदि सभी बाते झूठ बोलकर सत्ता में आये। वे झूठों के सरदार है। कोविड इंजेक्शन से सभी परेशान हैं। औषधि में डिफेक्ट है। वे देश को लूट-लूट कर अपने दोस्तों को दे रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया के पक्ष में समर्थन



### संविधान बदलना चाहती है भाजपा

संविधान बदलना चाहती है। संविधान बदलने वाले को हम सब मिलजुल कर जनता उसे बदल देगी। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान बचाना है देश को बचाना है लोकतंत्र को बचाना है। सभी 7 में को तीन नंबर में बटन दबाकर पंजा छाप को जीताकर कांग्रेस सरकार बनाये। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, डॉ. चरण दास महंत, लोकसभा के सभी विधायक तथा हजारों के तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने एकस्वर में कांग्रेस को जीताने का संकल्प लिया।

मांगा। जांजगीर–चांपा के प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया ने विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे जरूर करती है। किसानों का कर्जा माफ, बिजली बिल हाफ, किसानों को प्रति क्विंटल 2500 रु धान की कीमत, बेरोजगारी भत्ता सभी वादा पूरा किया गया। बीजेपी जो बोलती है वह नहीं करती। 2014 एवं 2019 का वादा पूरा नहीं किया गया। मोदी की गारंटी फेल है। डबल इंजन फेल है। 25 वर्ष से बीजेपी के सांसद कभी घर से नहीं निकले और न ही सांसद में क्षेत्र की समस्याएं उठाएं। कांग्रेस पार्टी न्याय के पांच योजना लेकर आयी है। नारी न्याय योजना के तहत सभी महिलाओं के खाते में प्रतिवर्ष एक–एक लाख रुपया दिया जाएगा। किसान न्याय योजना के तहत एमएसपी बढ़ाकर धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 5000 रुपए कर दिया जाएगा। आज भाजपा देश बेच रही है। रेल बेच रही है। हवाई जहाज, बंदरगाह, सभी कल कारखाने बेच रही है। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रमुख रूप से बिलाईगढ़ विधायक के नेतृत्व में सुरेंद्र शर्मा, हितेंद्र ठाकुर, अरुण मालाकार, युधिष्ठिर नायक, नल कुमार पटेल, गोप लाल पटेल, प्रेमशीला नायक, गोपाल पांडे, छत्रसाल साहू, प्राण लहरे, राजू अग्रवाल, अशोक सिंघानिया, दीपक टंडन, शैलेंद्र कुमार देवांगन, योगेश शर्मा, संतोष देवांगन, सोहन जसवानी, देवा देवांगन, डॉ. शंकर नारंग, मनीराम पंकज, जान मोहम्मद, हरनारायण साहू, धरम वर्मा, देवारायण कुलदीप, सुरेश साहू, सारधा पटेल, नील कुमार, हरिचंद्र भारद्वाज, यशवंत टंडन, जोन प्रभारी टुंडरा गिधौरी लक्ष्मी नारायण पटेल, जवाहर पटेल, डॉ. भूपेंद्र नायक, लक्ष्मी साहू, ललिता यादव, सेवती केवट, कौशल्या पटेल, संतोष दीवान, राम सिंह ठाकुर, संतराम बरिहा, जितेंद्र पटेल, हेमलाल पटेल, दर्शन सिदार आदि रहे शामिल।

# नि:शक्त दिलेश्वरी ने डाक मतपत्र से घर में किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के अन्तर्गत चलित मतदान दल द्वारा जांजगीर-चांपा लोकसभा अंतर्गत जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड के ग्राम गिरसा की दिव्यांग मतदाता दिलेश्वरी रात्रे 30 वर्ष ने घर में मतदान होम वोटिंग डाक मतपत्र के माध्यम से की। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के इस पहल के लिए धन्यवाद दिया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वृद्ध एवं दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए जिले में घर में मतदान होम वोटिंग की सुविधा 1 से 3 मई तक की गई है। इसी कड़ी में दिव्यांग मतदाता दिलेश्वरी ने अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दिलेश्वरी ने बताया कि



पहले विधानसभा में भी होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। ठीक उसी तरह लोकसभा में भी निर्वाचन आयोग द्वारा यह सुविधा दी गई। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह होम वोटिंग सुविधा उनके लिए एक अच्छी सुविधा है। उन्होंने अपील की कि सभी अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।

### बुजुर्ग फगुनराम ने घर बैठे किया मतदान

**भटगांव।** वृद्धजन एवं दिव्यांगजन घर बैठे डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान कर लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बन रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत वृद्धजन और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। इसी कड़ी में जांजगीर चांपा लोकसभा अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा के ग्राम चोरभट्ठी के 92 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता फगुनराम साहू ने डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान किया एवं जिला प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। बोलने में असमर्थ फगुनराम ने मतपेटी में अपना वोट डालने के पश्चात उत्साह से अपने सहज हावभाव के माध्यम से खुशी जताई और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में सुविधापूर्वक अपना योगदान दे पाने के लिए निर्वाचन दल को उत्साह से धन्यवाद किया।

# मजदूर दिवस पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर के निर्देशानुसार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार–भाटापारा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूगता अभियान के तहत 1 मई को मजदूर दिवस पर बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत पलारी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत 17000 हजार से अधिक श्रमिकों को 7 मई को मतदाता दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में भागीदार बनने शपथ दिलायी गई।



# सशिमं में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 1 से 15 मई तक ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण वर्ग संपन्न किया जा रहा है। इसका शुभारंभ प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, संगीत शिक्षा, गणित उन्नयन शिक्षा, स्मार्ट क्लास, स्पोकन इंग्लिश जैसे विभिन्न शैक्षिक एवं ऐच्छिक विषय में 15 दिनों तक विषय शिक्षकों द्वारा शिक्षा के साथ मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी यशवनी निषाद, सह प्रभारी कंचन वर्मा है। इस प्रशिक्षण में कम्प्यूटर शिक्षा के लिए 40, शारीरिक शिक्षा में 20, संगीत शिक्षा में 18, गणित उन्नयन शिक्षा में 16, स्मार्ट क्लास में 25, स्पोकन इंग्लिश में 22 इस तरह कुल 141 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण के प्रथम दिवस उपस्थित होकर लाभान्वित हुए।

# शिक्षा ही ऐसा क्षेत्र है सभी से मिलता है सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

अमेरा हायर सेकण्डरी में पदस्थ प्राचार्य एसपी पांडेय को शिक्षा विभाग में सफलता पूर्वक सेवा अवधि पूर्ण होने पर स्कूल एवं संकुल केन्द्र अमेरा सहित आसपास के स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनका सम्मान किया एवं विदाई दी। इसके साथ ही अमेरा मिडिल स्कूल में प्रधानपाठिका के रूप कार्य कर सेवानिवृत्त हुई पुष्पांजली मंडावी एवं केशला के प्रधानपाठक दाउराम वर्मा का भी सम्मान करते हुए विदाई दी गई।

विदाई समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एवं प्राचार्य के उनके सेवा के दौरान किये गये कार्यों को याद किया गया एवं उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। प्राचार्य सत्यप्रकाश पांडे की जीवन शैली पर हायर सेकण्डरी स्कूल अमेरा के प्रभारी प्राचार्य आत्मानंद जायसवाल ने बताया कि श्री पांडेय अपनी 37 वर्ष 6 माह की शिक्षकीय कार्य पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस शिक्षकीय कार्य के दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन एवं प्रेरणादायी कार्य किये हैं। उनके अपने कार्यों के प्रति लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा में हम कही भी नहीं हो सकते, पर उनसे प्रेरणा अवश्य लेंगे। उन्होंने अपनी 37 वर्षों की सेवा में कभी भी स्वास्थ्य गत अवकाश नहीं लिया और अनवरत शासन द्वारा दिये गये कार्यों को ईमानदारी पूर्वक किया। इस दौरान वे चुनाव कार्यों में मास्टर ट्रेनर भी रहे और मतदानदलों को प्रशिक्षित भी किया। उन्हें नियम कानून की बारिकी से



जानकारी है। यहां तक की वे समय से पहले स्कूल आते और समय पश्चात स्कूल से वापस जाते थे और हर समय अपने साथी शिक्षकों अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति सहायता एवं सहयोग के लिए उपस्थित रहते थे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य एसपी पांडेय भावुक भी हुए और कहा कि मैने अपने जीवन के 37 वर्ष शिक्षकीय कार्य में लगाया। इस दौरान केवल पांच दिनों की छुटटी ली और जो भी कार्य शासन द्वारा दिया गया उसे पूरी ईमानदारी से पूरा किया। उन्होंने अपने सहयोगी शिक्षकों से भी कहा कि शिक्षा ऐसा क्षेत्र है, जहां सम्मान मिलता है। यदि इसे हम कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूरा करे तो हमें सम्मान मिलता है और यही हमारा पुरस्कार है। इस सेवा अवधि के दौरान मैंने जनगणना का कार्य किया, तो बच्चों को पोलियो की दवाई भी दी। साथ ही लोकतंत्र के महान पर्व पर भी हिस्सा लिया। 2020 में सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य का सम्मान, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान, विधानसभा चुनाव में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने, प्रशिक्षण देने, डॉ. भीमराव आम्बेडकर सम्मान मिल। आज आप सबके द्वारा जो सम्मान मिल रहा है, यही मैं अपने साथ लेकर जा रहा हूं। इस अवसर पर प्राचार्य कोसमंदी यूके नागवंशी, कोनारी प्राचार्य राधेश्याम पटेल, अमेरा के प्रभारी प्राचार्य आत्मानंद जायसवाल, शिक्षक कर्मचारी संघ अध्यक्ष अभिषेक महोबे, संकुल समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम कुमार राय, शिक्षिका उहुती साहू, गायत्री साहू, ममता मिश्रा, ललिता वर्मा, विद्याचरण वर्मा, शशिप्रभा वर्मा, योगिता वर्मा, उषादेवी वर्मा, लता ध्रुव, सुखदेव कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार पटेल समन्वयक कोनारी, छन्नुलाल वर्मा समन्वयक कोसमंदी, हेमलाल साहू, उमाशंकर भारती, सरिता खुंटे, अनुराधा वर्मा, शत्रुपा ध्रुवंशी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भैलेन्द्र कुमार रात्रे द्वारा किया गया।

■ प्राचार्य पांडेय को सेवानिवृत्ति पर शिक्षकों ने सम्मानकर दी विदाई

# आमापाली में अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

बसना तहसील क्षेत्र के ग्राम आमापाली में अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सोमवार को सुबह 8 बजे यहां ग्रामवासियों द्वारा कलश यात्रा निकाल कर पूजा स्थल में कलश स्थापना की गई।

इस मौके पर हजारों की संख्या में महिला पुरुष कलश यात्रा में शामिल होकर बाजे गाजे के साथ गांव के दैवीय तालाब तट से जल उठाकर पुनः पूजा स्थल पहुंचे। दोपहर में अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में हरे राम-हरे राम, हरे कृष्ण-हरे कृष्ण का नाम उच्चारण किया गया। कार्यक्रम में दूरदराज से 6 संकीर्तन मंडलियों ने संगीतमत प्रस्तुति दी। अनेक वेशभूषा में शामिल होकर नृत्य प्रस्तुत करते हुए कीर्तन किया गया। 30 अप्रैल को समापन पर दही हंडी फोड़, नगर भ्रमण कर एक साथ महिला पुरुष महाप्रसाद ग्रहण किया।



### अनेक कीर्तन मंडलियों ने दी प्रस्तुति

आमापाली के बीच मोहल्ले में प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गांव सहित जिले के आधा दर्जन अखंड मंडली इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में हरे राम-हरे राम, हरे कृष्ण-हरे कृष्ण का जाप किया। इस नामयज्ञ के पुरोहित अनिल महाराज ने बताया कि यह अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ का आयोजन गया। कार्यक्रम में कीर्तन मंडली नगर्दा, केना (महिला) एवं सागुनधाप (महिला) एवं खैरमाल मंडलियों द्वारा की प्रस्तुति दी गई। 30 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं नगर भ्रमण के साथ महाप्रसाद वितरण किया गया।

